भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 152

मंगलवार, 11 दिसम्बर, 2018/20 अग्रहायण, 1940 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशी पर्यटकों की घटती संख्या

152. **श्री शमशेर सिंह ढुलोः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान रूस सहित पश्चिमी देशों के विदेशी पर्यटकों की संख्या में कमी आ रही है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार ने कोई जांच सूची तैयार की है और देश में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) : जी, नहीं । वर्ष 2015, 2016 और 2017 के दौरान रूस सहित पश्चिमी देशों से भारत में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हुई है ।

(ख) : भारत सरकार ने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं जिसमें अन्य बातों के साथ निम्न शामिल हैं :

- स्वदेश दर्शन तथा तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) पर राष्ट्रीय मिशन की योजनाओं के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को केंद्रीय वित्तीय सहायता और देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना के विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता ।
- 166 देशों के नागरिकों के लिए ई-वीज़ा सुविधा का विस्तार ।
- मार्केट विशिष्ट संवर्धनात्मक योजनाओं और विषय-वस्तु सृजन सहित अतुल्य भारत 2.0 अभियान का आरंभ ।
- समग्र गंतव्य के रूप में भारत के प्रदर्शन हेतु अतुल्य भारत वेबसाइट का आरंभ ।
- हिंदी और अंग्रेजी सहित 12 अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में 24x7 टोल फ्री बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन की शुरुआत ।
- विश्वभर के देशों में आयोजित किए जा रहे प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय ट्रेवेल मार्टों सहित भारत के लिए वार्षिक ग्लोबल पर्यटन मार्ट का आयोजन । यह सभी हितधारकों के लिए वार्तालाप और विनिमय, व्यावसायिक अवसरों के लिए पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में एक प्लेटफार्म प्रदान करता है ।
- द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन का आयोजन ।
- पूर्वोत्तर राज्यों में पर्यटन के संवर्धन हेतु वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट का आयोजन ।
- विदेश स्थित भारतपर्यटन कार्यालयों के माध्यम से यात्रा मेलों और प्रदर्शनियों; रोड शो का आयोजन, "भारत को जानों" संगोष्ठियां एवं कार्यशालाओं में सक्रिय सहभागिता से विदेश स्थित पर्यटक सृजक मार्केटों में संवर्धनात्मक कार्यकलाप ।

****